हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
22जुलाई 2024, समय 1305

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। श्री धनखड़ ने कहा कि सांसदों से मिले स्नेह और विश्वास को वे हमेशा अपनी स्मृति में संजोए रखेंगे।

उन्होंने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और विचारों के लिए वे बहुत आभारी हैं।

****

हरियाणा के नए राज्यपाल प्रोफेसर आशिम कुमार घोष ने कल शपथ लेने के बाद पंचकूला प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता मनसा देवी मंदिर में परिवार सहित नतमस्तक हुए। उन्होंने मंदिर को बेहतर प्रबंधन बनाए रखने के लिए राजभवन कोष से   एक लाख रुपये देने की घोषणा की।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की प्रशंसा की। मीडिया के सवालों पर राज्यपाल ने कहा कि वह तमाम चीजों को समझते हुए आने वाले समय में अपनी प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े सवैंधानिक पद पर होने के नाते उनके जो अधिकार है वे उन्हीं के तहत काम करेंगे।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालायों में ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार, प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों और खेल के मैदानों तथा शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे। कैमरों में रीयल-टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम 15 दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा।

****

हरियाणा के फरीदाबाद में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 मापी गई।

भारतीय समयानुसार यह झटके 6 बज 28 सेकंड पर दर्ज किए गए, जिसका केंद्र फरीदाबाद से लगभग 16 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की गहराई जमीन से करीब 5 किलोमीटर नीचे थी। भूकंप की तीव्रता कम थी, लेकिन फरीदाबाद और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

****

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना विधानसभा हलका के गांव राजगढ़ डोभी में करीब 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इन विकास कार्यों में राजगढ़ डोभी से समैण तक 55 लाख रुपये की सड़क का निर्माण, राजगढ़ डोभी से कन्हड़ी तक 65 लाख रुपये की लागत से सड़क का विस्तारीकरण शामिल है। इसके अलावा गांव में नए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा। इस कार्य पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि खर्च होगी।

कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित एक चौपाल का उद्घाटन भी किया।

कैबिनेट मंत्री ने गांव के अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी ग्राम पंचायत को अलग से एक करोड़ 25 लाख रुपए अनुदान देने की भी घोषणा की। गांव के स्कूल में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना, शेड व चारदीवारी निर्माण तथा सभी चौपालों के जीर्णोद्धार और नरवाना टोहाना वाया राजगढ़ डोभी बस सेवा शुरू करने का आश्वासन भी दिया।

****

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक मामले में संपदा कार्यालय, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के जोनल प्रशासक , पंचकूला के बीच अनावश्यक देरी और अस्पष्ट प्रक्रिया को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई है।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया आयोग ने जांच में पाया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा संपत्ति हस्तांतरण के लिए 9 जून 2023 को दिया गया आवेदन लगभग दस महीने तक बार-बार तकनीकी और प्रशासनिक आधारों पर अस्वीकार किया जाता रहा ।

आयोग ने जोनल प्रशासक कार्यालय द्वारा बार-बार की गई अस्वीकृतियों और देरी को पूर्णतः अनुचित बताया है। आयोग ने कहा है कि यह शिकायतकर्ताओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से उत्पीड़न के समान है।

आयोग ने इस मामले में हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियमके अंतर्गत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये मुआवज़ा देने के निर्देश दिए हैं। यह राशि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को प्रारंभ में स्वयं वहन करनी होगी और फिर संबंधित अधिकारियों से वसूली करनी होगी।

****